सत्यमेव जयते

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–22

पत्रांक–BSU (Directives)-14/2016 /जी॰एस॰ दिनांक–

प्रेषक,

संजीव कुमार,
विशेष कार्य पदाधिकारी(विश्व0)

सेवा में,

सभी विश्वविद्यालय के कुलपतिगण

विषयः–विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों की शिकायतों को सुनने हेतु समय का निर्धारण ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में ध्यान आकृष्ठ करते हुए कहना है कि विश्वविद्यालय से जुड़े सामान्य समस्याओं के निराकरण हेतु भी लोग माननीय कुलाधिपति के समक्ष एवं अन्य कार्यालयों में सीधा अपना अभ्यावेदन दर्ज करते हैं । ऐसे अभ्यावेदनों को पुनः विश्वविद्यालय स्तर पर निराकरण हेतु भेजा जाता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है एवं अनावश्यक रूप से समय की बरबादी होती है ।

उक्त के आलोक में, सम्यक विचारोपरान्त, माननीय कुलाधिपति के द्वारा निदेशित किया गया है कि विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रत्येक वृहस्पतिवार को, प्रथम पाली में, विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार, वित्त पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारीगण अपने कार्यालय में विश्वविद्यालय की समस्याओं से जुड़े विषयों पर अभ्यावेदन प्राप्त कर, उनका समाधान करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों से मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे । इन अभ्यावेदनों के निराकरण के संदर्भ में किये गये कार्रवाई के अनुश्रवण हेतु एक पंजी संधारित की जायेगी, जिसमें प्रत्येक वृहस्पतिवार को प्राप्त अभ्यावेदनों को सूचीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी तथा कृत कार्रवाई से संबंधित व्यक्ति को अवगत कराने की व्यवस्था की जायेगी ।

इसके अतिरिक्त सभी कार्य दिवसों में विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी, कार्यावधि में, अपने विश्वविद्यालय कार्यालय में उपस्थित रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।

विश्वासभाजन,
ह0/–
(संजीव कुमार)

ज्ञापांक– BSU (Directives)-14/2016 2118/ जी॰एस॰, दिनांक–10-08-2018

प्रतिलिपिः–अपर सचिव, शिक्षा विभाग/तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, राजभवन, पटना को राजभवन के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित/जनसम्पर्क पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना/सभी संबंधित सहायक/गार्ड फाईल को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/8/18
संयुक्त सचिव